The

# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# DAILY CURRENT AFFAIR

08 – 07 –2023

SATURDAY



**1 भारत के पहले वैदिक-थीम पार्क 'वेद वन पार्क' का नोएडा में हुआ उद्घाटन**



भारत का पहला वैदिक थीम पार्क वेदवन नोएडा के सेक्टर 78 में खुल गया है। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया, इसके निर्माण पर 27 करोड़ रुपये की लागत आई। पार्क में बरगद, नीम, नारियल और कल्पवृक्ष सहित 50,000 से अधिक पौधे हैं जिनका उल्लेख वेदों में किया गया है। यह लेजर शो की मेजबानी करता है चार वैदिक साहित्य के टुकड़ों- ऋग्वेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद और सामवेद के अंशों को उजागर करते हुए मूर्तियां और दीवार पेंटिंग पेश करता है। वेदवन का निर्माण जनवरी 2021 में भूमि के एक टुकड़े पर शुरू हुआ जो डंप यार्ड के रूप में काम करता था। कि यह पार्क सेक्टर 74 से 79 में हाउसिंग सोसायटी के निवासियों के साथ-साथ आसपास के अन्य समुदायों के निवासियों को भी सेवा प्रदान करेगा। थीम पार्क को कश्यप, भारद्वाज, गौतम, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वामित्र और अगस्त्य सहित वैदिक युग के ऋषियों के नाम पर सात क्षेत्रों में विभाजित किया गया है।इसमें एक एम्फीथिएटर और सौर ऊर्जा द्वारा संचालित एक आउटडोर जिम है। वेदवन प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहता है।

**2. ओडिशा सरकार ने प्रारंभ की 'मो जंगल जामी योजना'**



अब सरकार देश के वनवासी समुदाय के लिए एक नई योजना लेकर आ रही है इस योजना का निर्माण देश के एस. सी. और एस. टी. वर्ग के आदिवासी समुदायो के लिए किया गया है। ओडिशा सरकार ने हाल ही में इस योजना कि शुरूआत की है। इस योजना के शुरू होते ही ओडिशा भारत का पहला एसा राज्य बनने जा रहा है जो व्यक्तिगत और वन अधिकारो को मान्यता प्रदान करता है। मो जंगल जामी योजना का निर्माण 2006 के मान्यता प्राप्त वन अधिनियम के तहत हुआ है। Mo Jangal Jami Yojana 2006 के वन अधिकार मान्यता अधिनियम FRA के अंतर्गत शुरू की गई एक योजना है। इस योजना का लाभ ओडिशा कि लगभग 22.50 प्रतिशत लोगो को मिलने वाला है क्योकि ओडिशा कि लगभग 22.50 प्रतिशत जनसंख्या आदिवासी है और वन अधिकारो के अंतर्गत आती है।सरकार ने इस योजना के लिए 25करोड् रुपये कि राशी आवंटित की है जिसका लाभ करीब 32562 गांवो को मिलेगा। इन सभी लोगो के लिए इस योजना कि शुरूआत की गई है । FRA के द्वारा लगभग 15 वर्षो के पश्चात एसी कोई योजना कि शुरूआत की गई है।

**3. बैंक ऑफ इंडिया 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना' प्रारंभ करने वाला बना पहला बैंक**



सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ इंडिया (Bank of India) ने आधिकारिक तौर पर महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र, 2023 लॉन्च किया है। बैंक ऑफ इंडिया अपनी सभी ब्रांच में इस योजना को संचालित करने वाला पहला बैंक है. इसका शुभारंभ बैंक के एमडी एवं सीईओ रजनीश कर्नाटक ने मुंबई में किया. इस योजना में, कोई भी लड़की या महिला अथवा किसी नाबालिग लड़की की ओर से अभिभावक महिला सम्मान बचत प्रमाण पत्र खोल सकते हैं. इसमें न्यूनतम निवेश 1000 रुपये है और खाते में रु. 100/- के गुणकों में अधिकतम 200000 रुपये तक की राशि जमा की जा सकती है. कोई एकल व्यक्ति कितने भी खाते खोल सकता है बशर्ते निवेश की गई कुल राशि रु.200000/- की अधिकतम सीमा के अंतर्गत हो और दो खाते खोलने के बीच कम से कम तीन महीनों का अंतराल हो. इसमें 2 साल का ब्याज आपको एक साथ मैच्योरिटी पर मिल जाता है. 7.5 फीसदी की ब्याज दर से अधिकतम 2 लाख रुपये का निवेश करने पर 2 साल बाद 320000 रुपये का ब्याज मिलेगा. 1 फरवरी को बजट 2023 में महिलाओं के लिए 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र' की घोषणा की.

### 4. RBI ने पी वासुदेवन को नया कार्यकारी निदेशक किया नियुक्त




रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने पी वासुदेवन को एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया है. ये नियुक्ति तीन जुलाई 2023 से प्रभावी हो गई है. पी.वासुदेवन इससे पहले पेमेंट और सेटलमेंट सिस्टम्स के चीफ जनरल मैनेजर इन चार्ज थे. पी वासुदेवन पिछले तीन दशक से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के साथ काम कर रहे हैं. इसके अलावा वह बैंकर के ट्रेनिंग कॉलेज में फैकल्टी मेंबर भी रह चुके हैं. उन्होंने बेंगलुरु, मुंबई और नई दिल्ली के रीजनल ऑफिस में भी काम किया है. आरबीआई की प्रेस रिलीज के मुताबिक बतौर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पी.वासुदेवन डिपार्टमेंट ऑफ करेंसी मैनेजमेंट कॉर्पोरेट स्ट्रैटजी और बजट डिपार्टमेंट की देखरेख करेंगे. वह प्रवर्तन विभाग को भी देखेंगे. पी.वासुदेवन के पास कॉमर्स में बैचलर्स डिग्री है. इसके अलावा वह ICAI में फेलो भी रह चुके हैं. इसके अलावा उनके पास फाइनेंस और इंफोर्मेशन सिस्टम ऑडिट (CISA), इन्फोर्मेशन सिक्युरिटी मैनेजमेंट (CISM) और फिनटेक (नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर) से सर्टिफिकेशन किया है.

### 5. दो बार विश्व विजेता रही वेस्ट इंडीज टीम 48 वर्षों में पहली बार विश्व कप के लिए नहीं कर सकी क्वालीफायर



आईसीसी विश्व कप 2023 के क्वालीफायर के सुपर सिक्स राउंड में स्कॉटलैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हरा दिया। इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम भारत में होने वाले इसी साल वनडे विश्व कप से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज की टीम लगातार दो बार 1975 और 1979 में चैंपियन बनी थी। इसके बाद से वह एक बार भी खिताबी जीत हासिल नहीं कर सकी है। विश्व कप के क्वालीफायर में वेस्टइंडीज की टीम का प्रदर्शन काफी खराब रहा था। विश्व कप की मजबूत टीमों में से एक वेस्टइंडीज को क्वालीफायर में कई नौसीखिया टीमों से हार मिली। अब कैरेबियाई टीम अब विश्व कप 2023 में खेलते हुए नहीं दिखेगी। विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स राउंड में स्कॉटलैंड के खिलाफ वेस्टइंडीज की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 43.5 ओवर में 181 रन के स्कोर पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के लिए बल्लेबाजी में सबसे अधिक जेसन होल्डर 45 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड ने 43 गेंद में 36 रनों का

योगदान दिया जबकि ब्रेंडन किंग ने 22 और निकोलस पूरन ने 21 रन बनाए।

### 6. झारखंड गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रारंभ करेगा 'प्रोजेक्ट रेल'



खूंटी जिले में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रोजेक्ट रेल (Regular Assessment for Improved Learning- RAIL) की शुरुआत की जायेगी. प्रोजेक्ट रेल खूंटी प्रखंड के चयनित 14 माध्यमिक और प्रत्येक प्रखंड से दो-दो माध्यमिक और उच्च विद्यालय में चलाया जायेगा. कि प्रोजेक्ट के तहत चयनित विद्यालयों में गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान का पढ़ाये गये सिलेबस के अनुसार वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के आधार पर साप्ताहिक जांच की जाएगी. जिससे बच्चों के अधिगम स्तर एवं उनमें दिन प्रतिदिन हुए प्रगति का आकलन किया जायेगा. इसके लिए एक डैशबोर्ड बनाया जायेगा. जिसमें साप्ताहिक परीक्षाएं, पाठ्यक्रम की जानकारी, बच्चों की परफॉर्मेंस एनालिसिस प्रदर्शित की जायेगी. डैषबोर्ड को एनआईसी से जोड़ा जायेगा. उन्होंने एसएमसी के कार्य का अनुश्रवण करने, समय पर अभिभावक बैठक करने, प्रत्येक सप्ताह विद्यार्थियों द्वारा श्रमदान कर सफाई करने, पौधारोपण करने, स्कूल परिसर में गार्डेनिंग क्लब विकसित करने, फायर मॉक ड्रिल कराने का भी निर्देश दिया.

### 7. EPR क्रेडिट पाने वाला पहला नगरीय निकाय होगा इंदौर नगर निगम



भारत के मध्य प्रदेश में इंदौर नगर निगम (आईएमसी) ने प्रतिबंधित एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण के लिए विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी (EPR) क्रेडिट प्राप्त करने वाला देश का पहला शहरी निकाय बनकर इतिहास रच दिया है। इंदौर ने शहर के भीतर सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया है। केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार छठे वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में मान्यता दी गई है। जिसमें किसी उत्पाद के लिए निर्माता की जिम्मेदारी को उत्पाद के जीवन चक्र के उपभोक्ता चरण तक बढ़ाया जाता है। इंदौर का EPR क्रेडिट 8,100 रुपये है, जो जिम्मेदार अपशिष्ट प्रबंधन और टिकाऊ प्रथाओं के लिए आईएमसी की प्रतिबद्धता को स्वीकार करता है। यह सुविधा जब्त किए गए प्लास्टिक कचरे को पुन: प्रयोज्य सामग्री में परिवर्तित करने, लैंडफिल पर बोझ को कम करने और एक परिपत्र अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में सहायक रही है। इंदौर को पर्याप्त मात्रा में ठोस कचरे के प्रबंधन की दैनिक चुनौती का सामना करना पड़ता है, जिसमें प्रत्येक दिन औसतन 1,162 टन उत्पन्न होता है। इसमें लगभग 164 टन प्लास्टिक कचरा शामिल है।

### 8. पीएम ने वाराणसी में 29 परियोजनाओं का अनावरण किया



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 12,100 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का अनावरण किया । विभिन्न क्षेत्रों में फैली ये पहल, शहर को बदलने और बुनियादी ढांचे, शिक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने पर सरकार के फोकस को दर्शाती है। पीएम मोदी द्वारा उद्घाटन की गई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन-सोन नगर रेलवे लाइन थी, जो डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। 6,760 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित , यह नई रेलवे लाइन माल की तेज और अधिक कुशल आवाजाही को सक्षम करेगी, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करते हुए गोरखपुर में दो नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का उद्घाटन किया। इसका उद्घाटन गोरखपुर में गीता प्रेस के शताब्दी समारोह के समापन समारोह में किया गया। गीता प्रेस, जो हिंदू धार्मिक साहित्य के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाना जाता है, अत्यधिक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है।

**QUIZ**

**1 एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022/23 सीज़न का चैंपियन कौन बना है?**

(a) बेलारूस

(b) बेल्जियम

(c) नीदरलैंड

(d) भारत

**EXPLANATION -: नीदरलैंड की पुरुष टीम ने 35 अंकों के साथ सीजन चार का अपना अभियान समाप्त करने के साथ ही एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022/23 सीज़न का चैंपियन बन गया है. भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2022-23 में 16 मैचों में 30 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रही. भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह FIH प्रो लीग 2022-23 में 18 गोल के साथ टॉप स्कोरर रहे.**

**2. उबिनास ज्वालामुखी किस देश में है, जिसके चलते वहां आपातकाल की घोषणा की गयी है?**

(a) उरुग्वे

(b) चिली

(c) पेरू

(d) जापान

**EXPLANATION -: पेरू में उबिनास ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण, ज्वालामुखी के आसपास के क्षेत्रों में 60 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा की गयी है. उबिनास, मोकेगुआ क्षेत्र में स्थित है, यह क्षेत्र राजधानी लीमा से 1,200 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है और देश का सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है. पेरू, दक्षिण अमेरिका का एक देश है.**

**3. भारत ने इलेक्टोरल कॉरपोरेशन के लिए किस देश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है?**

(a) ब्राजील

(b) अर्जेंटीना

(c) पनामा

(d) केन्या

**EXPLANATION -: भारत के चुनाव आयोग और पनामा के इलेक्टोरल ट्रिब्यूनल (ईटी) ने चुनाव प्रबंधन और प्रशासन के क्षेत्र में सहयोग के लिए संस्थागत ढांचा स्थापित करने के लिए पनामा सिटी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. भारत का चुनाव आयोग और पनामा का चुनावी न्यायाधिकरण**

एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज के सदस्य हैं. पनामा मध्य अमेरिका में स्थित एक देश है, इसकी राजधानी पनामा सिटी है.

**4. पीएम मोदी ने किस राज्य में वाइल्डलाइफ फ्रेंडली हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया?**

(a) मध्य प्रदेश
(b) तमिलनाडु
(c) छत्तीसगढ़
(d) असम

EXPLANATION -: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में वाइल्डलाइफ फ्रेंडली हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया. पीएम मोदी ने 6-लेन ग्रीनफील्ड रायपुर-विशाखापत्तनम कॉरिडोर के छत्तीसगढ़ खंड के लिए तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण का उद्घाटन किया. यह प्रोजेक्ट उदंती वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र से होकर गुजरेगा.

**5. राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) जस्टिस अजय अग्रवाल
(b) जस्टिस एपी साही
(c) जस्टिस रमेश सिन्हा
(d) जस्टिस दीपक कुमार मिश्रा

EXPLANATION -: मद्रास और पटना उच्च न्यायालयों के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस एपी साही को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. न्यायमूर्ति साही का एनसीडीआरसी के प्रमुख के रूप में चार साल का कार्यकाल होगा. एनसीडीआरसी उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 1988 में स्थापित एक अर्ध-न्यायिक आयोग है.

**6. भारतीय वायुसेना की मध्य कमान ने किस शहर में 'रणविजय' अभ्यास आयोजित किया है?**

(A) मुंबई
(B) प्रयागराज
(C) देहरादून
(D) जोधपुर

EXPLANATION -: भारतीय वायु सेना ने हाल ही में एकीकृत युद्ध खेलों की एक श्रृंखला रणविजय अभ्यास का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य Su-30 जैसे लड़ाकू विमानों को शामिल करते हुए दिन और रात के संचालन के माध्यम से लड़ाकू पायलटों के कौशल को बढ़ाना है। यह अभ्यास 16 जून से 23 जून तक यूबी हिल्स और सेंट्रल एयर कमांड एरिया ऑफ रिस्पॉन्सिबिलिटी में हुआ। यह अभ्यास मध्य वायु कमान के तहत विभिन्न हवाई अड्डों से किया गया, जिसका मुख्यालय प्रयागराज में है।

**7. किस राज्य में 'खार्ची पूजा महोत्सव' आयोजित किया गया है?**

(A) नागालैंड
(B) त्रिपुरा
(C) मणिपुर
(D) असम

EXPLANATION -: खर्ची पूजा या खारची पूजा त्रिपुरा का एक हिंदू त्योहार है। इस त्योहार में 14 हिन्दू देवी- देवताओं की पूजा अर्चना की जाती है, जिन्हें त्रिपुरी लोगों के कुल देवता माना जाता है। खारची पूजा मुख्य रूप से एक आदिवासी त्योहार है लेकिन इसकी उत्पत्ति हिंदू धर्म से हुई है। वार्षिक 'खारची पूजा'

और त्योहार नश्वर आत्माओं के पापों को शुद्ध करने के लिए है। खारची पूजा पूर्वोत्तर क्षेत्र में हिंदू आदिवासियों के लिए सबसे बड़ा त्योहार है।

**8. प्रधानमंत्री ने किस राज्य में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ किया है?**

(A) तमिलनाडु
(B) कर्नाटक
(C) मध्य प्रदेश
(D) महाराष्ट्र

**EXPLANATION -:** प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के शहडोल में राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मुक्ति मिशन का शुभारंभ किया है। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मुक्ति मिशन का लक्ष्य वर्ष 2047 तक लाल रुधिर कोशिका रक्तहीनता को खत्म करना है प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को सिकल सेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड वितरित किए है, राष्ट्रीय लाल रुधिर कोशिका रक्तहीनता मुक्ति अभियान भारत में जनजातीय समुदायों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

**ONE LINER**

हाल ही में विश्व किस्वाहिली भाषा दिवस कब मनाया गया है -: 7 जुलाई

किस राज्य सरकार ने विधुर और अविवाहित लोगों के लिए मासिक पेंशन की घोषणा की है -: हरियाणा

भारत पे ने किसे अपना नया CTO नियुक्त किया है -: पंकज गोयल

किस देश के पुरुष टीम ने दूसरा FIH हॉकी प्रो लीग खिताब जीता है-: नीदरलैंड

भारतीय नौसेना ने कहां आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है-: लद्दाख

कौन सी राज्य सरकार 12वीं पास करने वाले मेधावी छात्रों को स्कूटर प्रदान करेगी-: असम

किसने सिंगल विंडो एनसीसी (NCC) कैडेट्स का शुभारंभ क्या है-: राजनाथ सिंह

किसके द्वारा 'थ्रेड्स नामक एक नया सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जारी किया गया है - मार्क जुकरबर्ग

यूनाइटेड किंगडम के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन हैं-: टिम बैरो

किस राज्य सरकार ने विदेशी कैदियों को वीडियो कॉल करने की अनुमति दी है-: महाराष्ट्र